समूह कार्य का उपयोग: उच्च प्राथमिक भाषा और साक्षरता

हिन्दी
कमेंट्री: इस उच्च प्राथमिक भाषा की कक्षा में - शिक्षिका ने एक समूह कार्य की गतिविधि की तैयारी के तौर पर, जोड़ियों में काम करवाया है। यहाँ, पानी की कमी से संबंधित एक पाठ के हिस्से के रूप में - इस तकनीक का उपयोग - वह विद्यार्थियों को उनके विचारों पर चर्चा करने हेतु, प्रोत्साहन देने के लिए करती हैं। **विद्यार्थी १:** वातावरण नहीं रहेगा, तो हम लोग जीवित नहीं रहेंगे, इसलिए हमें पानी की बचत करना चाहिए। **शिक्षिका:** आप लोगों ने अभी, दो के group में काम किया। दो के group में, आप लोगों ने बातचीत की, कि कैसे हम लोग पानी बचा सकते हैं। है ना? अब हमको यही काम, चार के group में करना है। और इस काम के लिए, आपको चार मिनट का time दिया जाएगा। ठीक है? अब आप चार का group बनाइए। दो बच्चे पीछे पलट जाएँगे, और चार के group में आप लोग बातचीत करेंगे। कमेंट्री: विद्यार्थियों को जोडियों और समूहों में काम करने का अभ्यास है। और वे अपनेआप को जल्दी व्यवस्थित कर लेते हैं। **विद्यार्थी २:** जैसे, देखो, कोई-कोई के घर में motor होती है, तो वो पानी ज्यादा बहाता है। उसको पानी नहीं बहाना चाहिए। ऐसा करना चाहिए, कि घर घर, सब के घर... कमेंट्री: यह सुनिश्चित करने के लिए, कि हरेक विद्यार्थी के पास भागीदारी का मौका है, शिक्षिका विद्यार्थियों को बारी बारी से काम करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं, या समूह में उन्हें अलग अलग भूमिकाएँ सौंप सकती हैं। **विद्यार्थी ३:** बाल्टी में भरकर नहाना चाहिए। **विद्यार्थी ४:** हमको मुँह धोते समय, एक गिलास में पानी रखना चाहिए, नल नहीं खोले रहना, नल नहीं खोलना चाहिए। **विद्यार्थी ५:** जो पानी गिरता है न, तो वो इतनी जोर से नीचे गिरता है। उसमें हमें, टब या बाल्टी, कुछ भी लगा देना चाहिए।

विद्यार्थी २: जिस पानी से हम बर्तन धोते हैं ना, वो पानी, हमें पेड़-पौधों में डाल देना चाहिए। व्यर्थ बहाना नहीं चाहिए।

विद्यार्थी ६: जो अपने घर में नल रहते हैं, उसकी टोंटी टूट जाती है, तो पानी व्यर्थ फिंकता है। तो इसलिये हमें, नई टोंटी लगवा लेना चाहिए। इसलिये पानी नहीं फिंकेगा।

विद्यार्थी ७: जैसा अपन हाथ धोने जाते हैं, washroom में, तो हाथ धोते हैं, तो पानी अपन, है ना...

कमेंट्री:

ध्यान से सुनते व अवलोकन करते हुए, यदि शिक्षिका को लगे, कि उनके विद्यार्थियों को और संकेतों की जरूरत है, तो वे, चर्चा हेतु नए दृष्टिकोणों के सुझाव दे सकती हैं।

शिक्षिका: हमने पढ़ा था कि, पृथ्वी एक गुल्लक होती है। जैसे, हम लोग पैसा जमा करते हैं न? वैसे, पृथ्वी को, हम गुल्लक की तरह उपयोग कर सकते हैं, है न? पानी, ज्यादा से ज्यादा, धरती में समा जाए - इसके लिए - हम क्या कर सकते हैं?

विद्यार्थी ८: Ma'am, वो... पानी गिरता है वो पानी...

शिक्षिका: हाँ...

कमेंट्री:

समूह कार्य की चर्चा का अंत, पूरी कक्षा के एक संक्षिप्त प्रतिक्रिया-सत्र के साथ करना उपयोगी है। एक या दो समूहों में से शिक्षिका एक-एक प्रतिनिधि को उन का काम प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित कर सकती हैं।

शिक्षिका: आपके चार मिनट complete हो गए हैं। अब, आपने आपस में जो जो कुछ discussion किया है, वो अब आप मुझे बताएँगे। अंजलि, आपका group खडा होगा पहले।

विद्यार्थी ७: जैसे ma'am, अपन कपडे धोते हैं, तो कपडे का पानी बचता है, ना? तो अपन ने उससे पोंछा लगा लेना चाहिए।

शिक्षिका: ठीक है, शाब्बास! Very good!

विद्यार्थी ८: जैसे अपन सुबह उठते हैं, brush करते हैं, तो टोंटी खुली छोड देते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। एक डिब्बे में पानी लेके, फिर करना चाहिए।

शिक्षिका: Very good!

कमेंट्री:

यह महत्वपूर्ण है, कि समूहों की चर्चा के उद्देश्य के बारे में आप स्पष्ट हों। आप क्या सोचते हैं - यहाँ शिक्षिका ने क्या आशा की होगी - कि इस समूह कार्य में बात करके, उनके विद्यार्थी क्या

सीखेंगे?